**Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language,**
**Online ISSN 2348-3083, SJ IMPACT FACTOR 2021: 7.278, www.srjis.com**
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL, FEB-MAR, 2023, VOL-11/56

# भारत का कॉस्टा रिका एवं निकारागुआ के साथ बढ़ते राजनयिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों का मूल्यांकन

**डॉ. रवि कुमार**

*Assistant Professor, Mahatma Gandhi International Hindi University, Wardha, and*

*Maharashtra-442001), E-mail: jnu.ravi@gmail.com*

**Paper Received On:** 18 MAR 2023
**Peer Reviewed On:** 31 MAR 2023
**Published On:** 1 APRIL 2023

*Scholarly Research Journal's is licensed Based on a work at www.srjis.com*

इस शोध पत्र में भारत का मध्य अमेरिका के दो देशों कॉस्टा रिका एवं निकारागुआ के साथ पुनर्स्थापित संबंधों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया जाएगा। विदित हो कि निकारागुआ का दूतावास 1990 से पहले भारत में क्रियाशील रहा परंतु आर्थिक समस्याओं के कारण इसे बंद करना पड़ा। संभवतः, 21 वीं सदी में भारत के संभावित आर्थिक शक्ति को पहचानकर इन देशों ने पुनः सक्रिय पहल की। उत्तर में भारत ने भी परस्पर हाथ बढ़ाकर संबंधों को सशक्त बनाने में योगदान दिया।

## भारत - कॉस्टा रिका संबंध

भारत एवं कॉस्टा रिका के साथ राजनयिक संबंध दशकों पुराना है। कॉस्टा रिका ने संयुक्त राष्ट्र (UN) में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत का समर्थन किया है एवं पक्ष में मत (वोट) भी दिया है। यथा – 1993 एवं 1994 में कश्मीर के मुद्दे पर समर्थन, 1994 में UNCHR के मुद्दे पर मत (वोट)। 1990 में ही कॉस्टा रिका ने भारत में दूतावास खोलने की प्रक्रिया आरंभ किया था परंतु वर्ष 1995 में भारत द्वारा San Jose में मानद कॉनसुल नियुक्ति के बाद वर्ष 1996 में कॉस्टा रिका भी मानद कॉनसुलेट खोलने की प्रक्रिया में आए। 2010 में दूतावास खोलने का कार्य सम्पन्न किया। प्रारंभ में Charge d' Affaire तत्पश्चात वर्ष 2011 से राजदूत

*Copyright © 2023, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*

ने कार्यभार संभाला । भारत की ओर से पनामा में स्थित दूतावास से कॉस्टा रिका के कार्यों (विदेशी मामलों) को देखा जाता है ।

(mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

**राजनैतिक /राजनयिक संबंध**

*भारत की ओर से उच्च स्तरीय भेंट वार्ता/ बैठक/ सहयोग/भागीदारी*

1996- सचिव (पश्चिम), विदेश मंत्रालय (NAM एवं UN संबंधित मुद्दों पर बातचीत के लिए)

2012- सचिव (पश्चिम), विदेश मंत्रालय (विदेश कार्यालय परामर्श हेतु)

2013- वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री

2015 – विदेश राज्य मंत्री (कॉस्टा रिका के उप राष्ट्रपति एवं वित्त मंत्री, विदेश मंत्री एवं विदेश व्यापार मंत्री के साथ भेंट वार्ता)

2019 - उप राष्ट्रपति (उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल – पर्यटन राज्य मंत्री, सांसद एवं वरिष्ठ

(mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

*कॉस्टा रिका की ओर से उच्च स्तरीय भेंट वार्ता/ बैठक/ सहयोग/भागीदारी*

1997- विदेश मंत्री

2004- उप विदेश मंत्री (SICA- Sistema de la Integracion Centroamericana प्रतिनिधि मंडल)

2008 - विदेश मंत्री

2010- विदेश मंत्री

2012- विदेश व्यापार मंत्री (वित्त राज्य मंत्री, CII, FICCI, NASSCOM, एवं वाणिज्य सचिव के साथ भेंट वार्ता एवं INDIASOFT 2012 में भागीदारी)

2013- विदेश व्यापार मंत्री

2015- विदेश व्यापार मंत्री (NASSCOM लीडरशीप फोरम में आमंत्रित वक्ता के रूप में) उप विदेश मंत्री (विदेश कार्यालय परामर्श हेतु) उप राष्ट्रपति (द्वितीय) एवं विदेश व्यापार मंत्री

2019 - उप विदेश मंत्री (UNCCD का COP 14 में भागीदारी एवं संयुक्त सचिव (LAC) से भेंट वार्ता (indianembassyinpanama.com, mea.gov.in)

**कुछ आधारभूत अनुबंध**/सहयोग/समझौता **पर सहमति**

2008- नियमित विदेशी कार्यालय परामर्श हेतु अनुबंध

2009 – सूचना प्रौधोगिकी उत्कृष्ता केंद्र स्थापना पर सहमति (कॉस्टा रिका में)

2013- आर्थिक सहयोग

2015- तकनीकी सहयोग

राजनयिक, आधिकारिक एवं सेवा पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट पर सहयोग

जैव प्रौधोगिकी क्षेत्र में सहयोग (लेटर ऑफ इन्टेन्ट)

विदेश सेवा संस्थान, भारत एवं कॉस्टा रिका का राजनयिक अकादमी के बीच सहयोग

(mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

**भारतीय सहयोग (भारत सरकार विकास सहयोग)**

1996- बाढ़ पीड़ित के लिए राहत सहयोग (US$ 25,000)

1997- सौर ऊर्जा शोध प्रयोगशाला स्थापना में सहयोग

1998- टेलीफोन एक्सचेंज

2005- 18 तिपहिया वाहन

2010- चक्रवात टॉमस राहत हेतु (US$ 1,00,000)

2015-16 - सूचना प्रौधोगिकी उत्कृष्ता केंद्र की स्थापना एवं प्रशिक्षण प्रारंभ

(mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

**दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग हेतु कुछ महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल** –

2007 – Costa Rican Export Promotion Council से 19 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में भागीदारी।

2008- कॉस्टा रिका से 3 सॉफ्टवेयर कंपनियों का Indiasoft में भागीदारी।

भारत से इलेक्ट्रानिक्स एण्ड सॉफ्टवेयर प्रोमोशन काउंसिल का Costa Rican टेक्नॉलोजी फेयर में भागीदारी।

2009- कॉस्टा रिका से 6 सूचना प्रौधोगिकी कंपनियों का Indiasoft में भागीदारी।

*Copyright © 2023, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*

2010 – भारत से प्लास्टिक एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से 6 व्यापारिक समूहों का व्यापार संबर्धन हेतु भेंट वार्ता ।

2011- भारत से इलेक्ट्रानिक्स एण्ड सॉफ्टवेयर प्रोमोशन काउंसिल का Costa Rican टेक्नॉलोजी फेयर में भागीदारी (8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल) ।

2012- भारत से इलेक्ट्रानिक्स एण्ड सॉफ्टवेयर प्रोमोशन काउंसिल का Costa Rican टेक्नॉलोजी फेयर में भागीदारी । कॉस्टा रिका के सान जोस (San Jose) में क्रेता-विक्रेता मिलन आयोजित ।

2013- CII प्रतिनिधिमंडल

2015- भारत की ओर से प्लास्टिक एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का क्रेता-विक्रेता मिलन में भागीदारी ।

2019 – Business Forum आयोजित । (mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

## आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंध

वर्ष 2009 से दोनों देशों के बीच व्यापार में उतार-चढ़ाव देखा गया है। आर्थिक वर्ष 2009 में कुल व्यापार 76.69 मिलियन US$ था जो वर्ष 2010 में बढ़कर 129.46 मिलियन US$, 2011 में 158.14 मिलियन US$ पहुँचा । वर्ष 2012 से यह पुनः कम हुआ जो बाद में बढ़कर 2014-15 में 251.14 मिलियन US$ पहुंचा । पुनः गिरावट आई लेकिन भारतीय निर्यात वर्ष 2018-19 में 136.15 मिलियन US$, 19-20 में 126.63 मिलियन US$ रहा । (commerce.gov.in) भारत कॉस्टा रिका को दवाइयाँ, कपड़े, ऑटोमोबाईल उत्पाद, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, जैविक रसायन, रबड़ उत्पाद, तांबा उत्पाद आदि का निर्यात करता रहा है । अतः वहाँ भारतीय कंपनियों यथा- विप्रो, इन्फोसिस, L&T इन्फोटेक, WNS, CSS कॉर्प., TCS, Cognizant, यूनाइटेड फॉसफोरस लिमिटेड की सराहनीय उपस्थिति बनी है । लकड़ी उत्पाद, सर्जिकल इन्स्ट्रूमेंट्स, लोहा एवं स्टील, कॉफी, ग्लास, चाय, आदि वहाँ से आयातित वस्तु रहा है । (mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

*Copyright © 2023, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*

अंतरराष्ट्रीय महत्व रखने वाले दिवस के रूप में वर्ष 2015 से ही कॉस्टा रिका में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन होता रहा है । वर्ष 2018-19 में महात्मा गांधी के 150 वें जन्म वर्षगांठ पर भारतीय दूतावास ने कॉस्टा रिका इंडियन एसोसिएशन के मदद से कार्यक्रम आयोजित किए । समय समय पर कॉस्टा रिका से कुछ विशेष व्यक्तित्व का भारत आगमन होता रहा है यथा- वर्ष 2014-15 में बच्चों के कहानियों के लेखक Wen Hsu, 2014 में ही वहाँ की स्पेनिश समाचार पत्र La Republica का उपाध्यक्ष Luis Alberto Munoz का । कॉस्टा रिका विश्वविद्यालय में भारतीय दर्शन, इतिहास, संस्कृति का अध्यापन जारी रहा है । विभिन्न वर्षों में भारतीय पारंपरिक नृत्य कूचीपुड़ी, ओडिशी, कथक, भरतनाट्यम का मंचन किया गया । भारतीय फिल्मों का उत्सव एवं फोटो प्रदर्शनी 'Velha Goa' भी आयोजित की गई । वर्ष 2011 में कॉस्टा रिका विश्वविद्यालय में टैगोर पर सेमिनार आयोजित की गई तथा राजधानी के San Jose संग्रहालय में टैगोर के पेंटिंग्स का डिजिटल प्रिंटस का प्रदर्शनी भी आयोजित हुआ । वर्ष 2008 में गांधी का आत्मकथा का स्पेनिश संस्करण प्रकाशित हुआ । वर्ष 2019 में भारतीय उपराष्ट्रपति ने भारतीय अध्ययन केंद्र स्थापित करने की घोषणा भी की है । इसी दौरान भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (ITEC) स्कालर्शिप की संख्या को बढ़ाकर 40 की गई जो 2017-18 में 15 एवं 2018-19 में 20 था । अभी, वहाँ लगभग 600 भारतीय समुदाय के लोग अपस्थित हैं जो मुख्यतः सेवा क्षेत्र (आईटी, एनजीओ) एवं व्यवसाय से जुड़े लोग हैं । (mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

## भारत – निकारागुआ संबंध

भारत एवं निकारागुआ का राजनयिक संबंध कई दशक पुराना है । निकारागुआ ने वर्ष 1990 में बजट बाध्यताओं के कारण भारत में अपने दूतावास को बंद कर दिया । वर्तमान में दिल्ली एवं मुंबई में निकारागुआ का कॉनसुल जेनरल हैं जबकि टोक्यो, जापान में स्थित निकारागुआ के राजदूतावास से भारत के विदेशी मामलों का संचालन (देख-रेख) किया जाता है । निकारागुआ में भारतीय दूतावास स्थित न होने की स्थिति में इससे संबंधित कार्यों (विदेशी मामलों) को पनामा में स्थित भारतीय दूतावास से देखा जाता है । फिलहाल, भारत

*Copyright © 2023, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*

की राजधानी क्षेत्र नई दिल्ली में निकारागुआ का निवासी मिशन (रेसीडेंट मिशन) खोलने की प्रक्रिया जारी है ।

(mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

**राजनैतिक /राजनयिक संबंध**

*भारत की ओर से उच्च स्तरीय भेंट वार्ता/ बैठक/ सहयोग/भागीदारी*

1989- अध्यक्ष, लोक सभा (8 सदस्यीय संसदीय प्रतिनिधि मंडल)

1990- श्रम एवं कल्याण मंत्री

2003- सांसद

2014 – विशेष सचिव (AMS&CPV), विदेश मंत्रालय - विदेश कार्यालय परामर्श हेतु

2018- ग्रामीण विकास एवं भू-संसाधन राज्य मंत्री (विदेश मंत्री, वित्त मंत्री एवं अन्य उच्च अधिकारियों के साथ भेंट वार्ता)

(mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

*निकारागुआ की ओर से उच्च स्तरीय भेंट वार्ता/ बैठक/ सहयोग/भागीदारी*

1983- राष्ट्रपति

1986- राष्ट्रपति

2004 - विदेश मंत्री (SICA प्रतिनिधिमंडल के साथ)

2006- वित्त मंत्री

2007- स्वास्थ्य मंत्री

2008- विदेश मंत्री (India-SICA बैठक)

2012- राष्ट्रपति का आर्थिक सलाहकार (नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, जहाजरानी, संचार एवं सूचना

प्रौधोगिकी राज्य मंत्री, सी आई आई, अपेरल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल के साथ भेंट वार्ता)

2013- विदेश मंत्री

*Copyright © 2023, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*

2014- राष्ट्रपति का सलाहकार, निवेश संबर्धन एवं विदेश व्यापार (मंत्री स्तरीय) - FICCI द्वारा आयोजित India-LAC निवेश कान्क्लैव में भागीदारी।

2015- विकास, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री – CII द्वारा आयोजित India-LAC कान्क्लैव में भागीदारी

2019 - स्वास्थ्य मंत्री

विदेश मंत्री

(indianembassyinpanama.com, mea.gov.in)

**कुछ आधारभूत अनुबंध**/सहयोग/समझौता **पर सहमति**

2001- विदेश कार्यालय परामर्श हेतु अनुबंध

2008 – राजनयिक एवं आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट पर सहमति

सूचना प्रौधोगिकी प्रशिक्षण केंद्र

आर्थिक सहयोग

सांस्कृतिक सहयोग

(mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

**भारतीय सहयोग (भारत सरकार विकास सहयोग)**

1998- दवाइयाँ एवं सर्जरी उपकरण (रु. 3.38 लाख)

2001- दवाइयाँ (US$ 10,000)

2004 – ऋण माफ (लाइन ऑफ क्रेडिट) - (125 मिलियन रु)

2005- 18 तिपहिया वाहन (स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा उपयोग हेतु)

2014- दवाइयाँ डेंगू राहत हेतु (रु 8,52,185/-)

तीन (लाइन ऑफ क्रेडिट)

(1) 10 मिलियन US $ (दो इलेक्ट्रिक स्टेशन स्थापना हेतु)

(2) 26.24 मिलियन US $ (उप स्टेशन/ट्रांसमिशन लाइन परियोजना हेतु)

(3) 31.29 मिलियन US $ (इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन लाइन परियोजना के लिए)

2016 - दवाइयाँ (US$ 80,000)

*Copyright © 2023, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*

2018- दवाइयाँ (US$ 50,000)

2020- दवाइयाँ (3,10,000 HCQL टैबलेट- कोविड -19 रोकथाम के लिए)

(mea.gov.in, indianembassyinpanama.com)

## आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंध

भारत एवं निकारागुआ के मध्य व्यापार वर्ष 2008-09 से लगातार बढ़ता ही रहा है । वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों से ज्ञात होता है कि आर्थिक वर्ष 2008-09 में कुल व्यापार 21.31 मिलियन US$ था जो वर्ष 2013-14 में 61.88 मिलियन US$ तक पहुँचा । यह व्यापार वर्ष 2016-17 में 88.95 मिलियन US$ पहुँच गया । भारत निकारागुआ को कपड़े, ऑटोमोबाईल, दवाइयाँ, रबड़ उत्पाद, लोहा एवं स्टील, आदि निर्यात करता रहा है । कई भारतीय कंपनियों यथा – प्रज इंडस्ट्रीज-पुणे, बजाज इंडस्ट्रीज-ऑटो टैक्सी के लिए, महिंद्रा-Grupo Pellas के साथ, आदि की वहाँ उपस्थिति है। भारत वहाँ से लकड़ी एवं चमड़ा उत्पाद आयात करता है । निकारागुआ में वर्ष 2015 से भारतीय समाज एवं विभिन्न स्थानीय योग संस्थान के सहयोग से 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' आयोजित किया गया है । समय-समय पर भारतीय पारंपरिक नृत्य यथा- ओडिशी, कथक, नृत्य का मंचन किया गया । फोटो प्रदर्शिनी Velha Goa आयोजित की गई । भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (ITEC) की ओर स्कालर्शिप उपलब्ध रहा है । वर्ष 2018-19 में 05 की संख्या थी जिसे 2019-20 में बढ़ाकर 10 कर दी गई ।

(mea.gov.in, commerce.gov.in, indianembassyinpanama.com,)

निष्कर्ष :

भारत एवं कॉस्टा रिका देशों के बीच मधुर एवं परस्पर सम्मानजनक संबंध रहा है । पिछले दो दशकों में राजनैतिक, राजनयिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक संबंधों में प्रगाढ़ता आई है । वर्ष 2021 में भारत-कॉस्टा रिका संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति पर (JETCO) की स्थापना (commerce.gov.in) से आगे भविष्य में भी बेहतर संबंध बने रहने की संभावना प्रतीत होता है ।

भारत के साथ अच्छे संबंध स्थापना के उद्देश्य से वर्ष 1983 में निकारागुआ के राष्ट्रपति तत्पश्चात विदेश, वित्त, स्वास्थ्य मंत्री का भारत आगमन हुआ । भारत की ओर से कम निकारागुआ की ओर से अधिक बार उच्चस्तरीय पदासीन व्यक्तियों का भेंट वार्ता हुई । फिर भी दोनों देशों के बीच राजनयिक, आर्थिक, सांस्कृतिक संबंध सराहनीय स्तर पर रहा है । परस्पर सहयोग से यह संबंध और अधिक गहरा होता जाएगा, ऐसी संकल्पना है ।

**संदर्भ :**

*Pant Harsh V., Taneja Kabir (2019), Looking Back, Looking Ahead: Foreign Policy in Transition under Modi ORF Special Report extracted from https://www.orfonline.org/wp content/uploads/2019/07/ORF_SpecialReport_93_ForeignPolicy-Modi_NEW25July.pdf*

*Badri-Maharaj, Sanjay (April 2017). India's relations with the Latin America-Caribbean Region Prospects and Constraints, New Delhi: Institute for Defense Studies and Analyses. Extracted from https://idsa.in/system/files/opaper/op_45_latin-america-caribbean-region_0.pdf*

*Shidore, Sarang (2013). New Frontiers in South-South Engagement Relationship between India and Latin America & the Caribbean, New Delhi: Indian Council of World Affairs. Extracted from https://www.icwa.in/WriteReadData/RTF1984/1498127834.pdf*

*https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/INDIA_COSTA_RICA_RELATIONS.pdfhttps://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/INDIA_COSTA_RICA_RELATIONS.pdf*

*https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/COSTA_RICA__DEC._2013_.pdf*

*https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Costa_Rica_December_2014.pdf*

*https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Costa_Rica_Jan_2016.pdf*

*https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/32_Costa_Rica_November_2017.pdf*

*https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Costarica2020.pdf*

*https://en.wikipedia.org/wiki/Costa_Rica%E2%80%93India_relationshttps://en.wikipedia.org/wiki/Costa_Rica%E2%80%93India_relations*

*https://icwa.in/show_content.php?lang=1&level=3&ls_id=4344&lid=3226*

*https://idsa.in/system/files/opaper/op_45_latin-america-caribbean-region_0.pdf*

*https://oec.world/en/profile/bilateral-country/ind/partner/cri*

*https://commerce.gov.in/wp-content/uploads/2022/09/JETCO-with-Costa-Rica.pdf*

*https://commerce.gov.in/wp-content/uploads/2022/09/MoU-on-Economic-Cooperation-with-Costa-Rica.pdf*

*https://sgp.fas.org/crs/row/IF10908.pdf*

*https://openknowledge.worldbank.org/bitstream/handle/10986/22023/K8319.pdf*

*Copyright © 2023, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*

*https://www.moneycontrol.com/news/opinion/as-costa-rica-joins-oecd-new-delhi-must-improve-ties-with-san-jose-6988611.html*

*https://www.financialexpress.com/india-news/costa-rica-indias-launchpad-for-greater-ties-in-latin-america/1797450/*

*https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/vice-president-visit-to-paraguay-and-costa-rica*

*https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=189389*

*https://www.ddnews.gov.in/national/vice-president-naidu-addresses-indian-community-costa-rica*

*https://www.financialexpress.com/economy/vice-president-venkaiah-naidus-costa-rica-visit-south-american-nations-companies-invited-to-invest-in-india/1509238/*

*https://www.mea.gov.in/outgoing-visit-info.htm?2/1157/Visit+of+the+Vice+President+of+India+to+the+Republic+of+Paraguay+and+Republic+of+Costa+Rica+March+0509+2019*

*www.crindian.org*

*https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Nicaragua_2020.pdf*

*https://indianembassyinpanama.com/public_files/assets/pdf/India_Nicaragua_Bilateral_Brief_Sept_2020.pdf*

*https://www.indianembassyinpanama.com/public_files/assets/pdf/India-NicaraguaRelations_pm24.pdf*

*https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/33_Nicaragua_November_2017.pdf*

*https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Nicaragua_2015_07_23.pdf*

*https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Nicaragua_July_2014.pdf*

*https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Nicaragua_Bilateral_Jan_2013.pdf*

*https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/India-Nicaragua_Relations.pdf*

*https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Nicaragua-March-2012.pdf*

*https://www.wikiwand.com/en/Foreign_relations_of_Nicaragua*

*https://idsa.in/system/files/opaper/op_45_latin-america-caribbean-region_0.pdf*

*https://timesofindia.indiatimes.com/india/s-jaishankar-meets-nicaraguas-fm-holds-discussions-on-strengthening-ties/articleshow/71792754.cms*

*Copyright © 2023, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*